आकाशवाणी चंडीगढ़

14 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल मनोहर लाल ने कहा है कि गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत संयंत्र में बिजली का उत्पादन वर्ष 2031 में शुरू होगा ।
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने -NEET यूजी 2025 का परिणाम आज घोषित किया।
- केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार बताया।
- विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा में कई रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल सुबह रेवाड़ी में ढाई सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

*********************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि वर्ष 2031 में गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत संयंत्र में बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ फतेहाबाद जिले के भूना खंड के गांव गोरखपुर में लग रहे इस संयंत्र के दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस संयंत्र में वर्ष 2031 में दो यूनिट से 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिससे हरियाणा ही नहीं पूरे देश को फायदा होगा ।मीडिया से बातचीत में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 42000 करोड़ रुपए की इस परियोजना की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2800 मेगावाट होगी। वर्ष 2032 में दो और यूनिट भी 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू कर देंगे।

श्री मनोहर लाल ने बताया -

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि निर्माण कंपनी द्वारा आसपास के गांव में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विकास परियोजनाओं पर 80 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

*********************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए ली गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-NEET यूजी 2025 का परिणाम आज घोषित कर दिया। परिणाम स्कोर कार्ड

एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट – ntaneet.nic.in पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं।

************************************************************************

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है।नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन-योग कनेक्ट में श्री जाधव ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार तथा विरासत है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ बीमारियों से बचाव ही नहीं करता बल्कि रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करता है।

योग डायबिटीज के प्रावधान, हृदय स्वास्थ्य में सुधार और यहां तक कि कैंसर रोगियों और बुजुर्गों को उनकी बीमारी से बेहतर तरीके से निपटने में मददगार है। योग सिर्फ आध्यात्मिक और ध्यान का ही अभ्यास नहीं है बल्कि यह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर भी प्रदान करता है।इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि योग धर्म, लिंग और भाषा की सीमाओं से परे है।

योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। ये मन, शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच में सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।इस दौरान मीडिया से बातचीत में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" के लिए योग आज के युग की मांग है।

************************************************************************

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियाँ अपने अनुभव साझा करते हुए लोगों को योग के फायदे बता रही हैं।

************************************************************************

विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा में कई रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इस वर्ष रक्तदान दिवस का विषय है-," रक्त दो, आशा दो: साथ मिलकर जीवन बचाएं" रखा गया । अंबाला छावनी में भारत विकास परिषद द्वारा महेश नगर स्थित डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि हरियाणा की सूचना आयुक्त नीता खेड़ा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा-

शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा रक्त एकत्र किया गया और सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई।इसी कड़ी में आज पंचकूला के एक निजी अस्पताल में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा सिविल अस्पताल पंचकुला के रक्त बैंक व शिव कावड़ संघ के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में इंडियन

रेड क्रॉस सोसाइटी के  हरियाणा राज्य की इकाई के महासचिव महेश जोशी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका हौसला बढ़ाया।
इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा -

पंचकूला  के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में न्यू चंडीगढ़ के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।  कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयकर आयुक्त अमनदीप सिंह ने शिरकत की। शिविर में 46 यूनिट रक्तदान हुआ। मुख्य अतिथि अमनदीप सिंह और संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने स्वैच्छिक रक्तदान के इस नेक कार्य के लिए आगे आने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।सोनीपत के गांव बढ़खालसा में भी  रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया ।
***************************************************************************
पलवल में आदित्य गौतम मेमोरियल ट्रस्ट व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खेल मंत्री गौरव गौतम ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया।
***************************************************************************
आज राष्ट्रीय रक्तदाता  दिवस पर आकाशवाणी समाचार ने कुछ रक्त वीरों से बातचीत की। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा देशभर में रक्तदान के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। वे भारत में पुलिस और अर्धसैनिक बलों में सबसे अधिक रक्तदान करने वाले अधिकारी हैं।
***************************************************************************
रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने भी आज रेवाड़ी में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी  कल रेवाड़ी को ढाई सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे।वह  रेवाड़ी की नवनिर्मित जेल और भाड़ावास फाटक पर बनाए गए ऊपरगामी पुल का उद्घाटन करने के साथ ही रेवाड़ी व धारूहेड़ा मे बनने वाले नए बस अड्डे का शिलान्यास भी करेंगे।मुख्यमंत्री गांव सहादत नगर में नर्सिंग कॉलेज, गांव धवाना व लिलोढ में 33 किलोवाट के सब स्टेशन,गांव सुरहेली में खेल स्टेडियम, गांव संगवाड़ी में ग्राम सचिवालय व रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक सहित की गांवों से संपर्क सड़कों का उद्घाटन करेंगे।
**************************************************************************
भिवानी जिले में कल होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव को लेकर जिलाधीश महावीर कौशिक ने मतगणना केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं।उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं।
***************************************************************************